# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (अग्रणी)खरगोन, जिला – खरगोन (0प्र0म)

(NAAC द्वारा B++ ग्रेड से प्रत्यायित संस्था, CGPA 2.81)

E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in Phone no. +91-7282-241562


खरगोन, दिनांक 24/03/2025

## //प्रतिवेदन//

पीजी कॉलेज में स्नेह सम्मेलन के प्रथम दिवस बौद्धिक व छात्राओं संबंधित कार्यक्रम हुए

24 मार्च 2025 सोमवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, खरगोन में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के अंतर्गत प्रथम दिवस विभिन्न बौद्धिक प्रतियोगिताओं जैसे वाद-विवाद प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता और छात्रों से संबंधित प्रतियोगिताएं जैसे रंगोली, व्यंजन, केश सज्जा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

स्नेह सम्मेलन प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के मार्गदर्शन तथा स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. रविन्द्र बर्वे के निर्देशन में आयोजन किया जा रहा है।

डॉ. शैल जोशी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं और उन्हें तर्कशील एवं रचनात्मक बनाती हैं। इनसे छात्रों के मानसिक और बौद्धिक विकास में वृद्धि होती हैं।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया वर्तमान पीढ़ी की पाठशाला विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। पक्ष और विपक्ष में रखे गए तर्कों ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की तार्किक क्षमता, प्रस्तुति शैली और विषय की समझ के आधार पर विजेताओं का चयन किया।

इस प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम स्थान पर निधिका यादव, द्वितीय स्थान राधिका पटेल तथा तृतीय स्थान हाशिम शेख को प्राप्त हुआ एवं विपक्ष में प्रथम स्थान चंद्रपाल राजपूत, द्वितीय स्थान कीर्ति राठौर व तृतीय स्थान रिया राठौर ने प्राप्त किया।

तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में दिए गए विषय पर कुछ ही मिनटों में अपने विचार व्यक्त करने थे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की त्वरित सोचने की क्षमता और आत्मविश्वास को परखा। प्रतिभागियों ने विविध विषयों नैतिक, सामाजिक, राजनीतिक, सोशल मीडिया आदि अनेक विषयों पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंद्रपाल राठौर द्वितीय स्थान हाशिम शेख तृतीय स्थान रिया राठौर को प्राप्त हुआ।

रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों से सजी रंगोलियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में राष्ट्रभक्ति, संस्कृति और सामाजिक संदेशों से जुड़ी रंगोलियाँ मुख्य आकर्षण रहीं। इस प्रतियोगिता में अंजलि राजेंद्र कुमरावत प्रथम स्थान, रिया सुधीर रायपुरिया द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान रानू कैलाश भालसे ने प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गरिमा महेश कर्मा, द्वितीय स्थान महक शरफुद्दीन सैय्यद व तृतीय स्थान माहिन मेहबूब खान ने प्राप्त किया। केश सज्जा प्रतियोगिता

GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN
Digitally signed by GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN
Date: 2025.11.01 16:19:33 +05'30'

में प्रथम स्थान माहिन खलिल शेख, द्वितीय स्थान शाजिया बाबू खान तथा तृतीय स्थान समरीन अनवर खान ने प्राप्त किया। व्यंजन प्रतियोगिता में नमकीन में प्रथम स्थान शाजिया बाबू खान, द्वितीय स्थान माहिन मेहबूब खान तथा तृतीय स्थान

मुस्कान कर्मा ने प्राप्त किया। मीठा व्यंजन में प्रथम स्थान समीरा सलीम खान, द्वितीय स्थान रिया सुधीर रायपुरिया तथा तृतीय स्थान सुरभि राजेश सोनी ने प्राप्त किया।

निर्णायकों ने विजयी प्रतिभागियों को उनके प्रयासों की सराहना की और उनका हौसला बढ़ाया। विजेता प्रतिभागियों को 26 मार्च को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

इस आयोजन ने छात्रों में रचनात्मकता, तर्कशीलता और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया, जिससे वे अपने शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित होंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहें।

प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
खरगोन

**E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in** **Phone no. +91-7282-241562**








प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
खरगोन

**E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in** **Phone no. +91-7282-241562**


पत्रिका

## कॉलेज में आज से शुरू होगा तीन दिनी स्नेह सम्मेलन

**खरगोन @ पत्रिका.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 24 मार्च यानी सोमवार से तीन दिनी स्नेह सम्मेलन की शुरुआत होगी। प्राचार्य डॉ. शैल जोशी ने बताया सम्मेलन में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, मनोरंजक कार्यक्रम होंगे। पहले दिन विभिन्न बौद्धिक कार्यक्रम होंगे। छात्राओं से संबंधित गतिविधियों का आयोजन होगा। विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, मेहंदी, रंगोली, व्यंजन, केश सज्जा जैसी स्पर्धाएं होंगी। स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. वंदना बर्वे ने बताया दूसरे दिन 25 मार्च को स्नेह सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन होगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

24/03/2025 | khargon | Page : 1 Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर खरगोन 24-03-2025

## पीजी कॉलेज में स्नेह सम्मेलन आज से

**खरगोन** | पीजी कॉलेज में 24 से 26 मार्च तक तीन दिवसीय स्नेह सम्मेलन होगा। प्राचार्य डॉ. शैल जोशी ने बताया कि इसमें शैक्षणिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रम होंगे। छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह से भाग लेंगी। 24 मार्च को बौद्धिक और छात्राओं से जुड़ी प्रतियोगिताएं होंगी। वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, मेहंदी, रंगोली, व्यंजन और केश सज्जा प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

प्राचार्य<br>
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय<br>
खरगोन

**E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in** **Phone no. +91-7282-241562**


Collector Khargone
March 17 at 5:40 PM

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में तीन दिवसीय स्नेह सम्मेलन का होगा आयोजन

_______________

तीन दिवसों तक विभिन्न खेल गतिविधियों का होगा आयोजन

_______________

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, खरगोन में आगामी 24 मार्च 2025 से 26 मार्च तक तीन दिवसीय स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. शैल जोशी ने बताया कि स्नेह सम्मेलन में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह के साथ भाग लेंगे।

स्नेह सम्मेलन का शुभारंभ 24 मार्च को विभिन्न बौद्धिक और छात्राओं से संबंधित गतिविधियों के साथ होगा। इस दिन विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, मेंहदी, रंगोली, व्यंजन, केश सज्जा जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। 25 मार्च को स्नेह सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में कॉलेज के प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थी नृत्य, संगीत, नाटक और अन्य रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भारतीय परंपरा और आधुनिकता का सुंदर समन्वय देखने को मिलेगा। 26 मार्च को स्नेह सम्मेलन का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। प्राचार्य और अतिथि विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। इसके साथ ही सम्मेलन के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. वंदना बर्वे ने बताया कि स्नेह सम्मेलन की तैयारियां की जा रही है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियां कराने के लिए समितियां गठित की गई है। डॉ. बर्वे ने बताया कि स्नेह सम्मेलन का उद्देश्य विद्यार्थियों के बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास को प्रोत्साहित करना है। इस स्नेह सम्मेलन के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्रशासन, शिक्षकगण और विद्यार्थी पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं।

क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गगन चौधरी ने बताया कि महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद उत्सव का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, खो-खो, कबड्डी, वालीबाल, पिट्टू (सितोलिया) एवं एथलेटिक्स कुल 09 खेलों में 64 टीम हिस्सा लेंगी। ये खेल प्रतियोगियों 20 मार्च से शुरू होकर 22 मार्च तक चलेंगी।

PRO Jansampark Khargone
March 17 at 5:41 PM



Collector Khargone
March 17 at 5:40 PM

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में तीन दिवसीय स्नेह सम्मेलन का होगा आयोजन

_______________

तीन दिवसों तक विभिन्न खेल गतिविधियों का होगा आयोजन

_________... See more

प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
खरगोन

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (अग्रणी)खरगोन, जिला – खरगोन (0प्र0म)

(NAAC द्वारा B++ ग्रेड से प्रत्यायित संस्था, CGPA 2.81)

E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in Phone no. +91-7282-241562


**खरगोन, दिनांक 25/03/2025**

## //प्रतिवेदन//

## स्नेह सम्मेलन के दूसरे दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

## भारतीय ज्ञान परंपरा के महानायकों पर चित्रात्मक प्रदर्शनी का भी प्रदर्शन किया गया

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में तीन दिवसीय स्नेह सम्मेलन के द्वितीय दिवस 25 मार्च को उद्घाटन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल गायन, सामूहिक गायन, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य सहित विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया और शिक्षा में संतुलन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाभ एवं दुष्परिणाम, अच्छे मित्रों का महत्व तथा यात्राओं से मिलने वाला ज्ञान दुनिया की किसी किताब में नहीं मिल सकता है समझाया। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने इस पहल की सराहना करते हुए विशेष रूप से युवाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराने के लिए इस प्रदर्शनी को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री दीपक कानूनगो ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कृति का संगम व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉशैल जोशी ने कार्यक्रम की गरिमामय शुरु .आत करते हुए स्वागत भाषण दिया। इसके पश्चात उन्होंने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सहसाथ वर्ष भर की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।-पाठ्यक्रम गतिविधियों के साथ-

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं प्रतियोगिताएँ**

स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉरविंद्र बर्वे ने बताया कि स्नेह सम्मेलन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक . प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने हर प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।
प्रतियोगिताओं में विजेता ये रहे-

एकल गायन में प्रथम स्थान पूजा भावसार, द्वितीय स्थान राहुल रायपुरिया तथा तृतीय स्थान अंजलि भालसे को प्राप्त हुआ। एकल गायन में प्रथम स्थान पूनम जोशी (विधि महाविद्यालय), द्वितीय स्थान मोमिना शेख, समूह गायन प्रथम स्थान पूजा सोलंकी एवं समूह, एकल नृत्य में प्रथम स्थान पायल चौहान, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से स्नेहा डोंगरे एवं मोहिनी भालसे तथा तृतीय स्थान में संयुक रूप से मनस्वी वर्मा एवं गायत्री मेडा, एकल नृत्य में प्रथम स्थान सुरभि सोनी (विधि महाविद्यालय), युगल नृत्य में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से गौतम भालसे एवं शिवानी यादव और द्वितीय स्थान पर संयुक रूप से मोहिनी भालसे एवं

**E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in** **Phone no. +91-7282-241562**

मनस्वी वर्मा, समूह नृत्य में प्रथम स्थान मिथुन जाधव एंड ग्रुप, द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से मनीष डावर एवं समूह और खुशी गोयल एवं समूह, तृतीय स्थान जायोशी यादव एवं समूह रहा।

शिक्षकों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। पीजी कॉलेज खरगोन द्वारा आयोजित यह भव्य सांस्कृतिक आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणादायक रहा। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के महानायकों पर चित्रात्मक प्रदर्शनी का भी प्रदर्शन किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के महानायक एक प्रेरणादायक चित्रात्मक प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया।

प्रकोष्ठ प्रभारी डॉगणेश पाटिल ने . बताया कि प्रदर्शनी में प्राचीन भारत के महान विद्वानों, दार्शनिकों, वैज्ञानिकों और समाज सुधारकों के जीवन और योगदान को चित्रों व जानकारीपूर्ण प्रदर्शनों के माध्यम से दर्शाया गया। प्रकोष्ठ का एक प्रयास था कि विद्यार्थी अपने प्राचीन गौरव तथा वैभव को जान सके।

कार्यक्रम का संचालन प्रोगगन पाटीदार ., प्रो संजय कोचक तथा डॉरंजिता पाटीदार ने किया और . सुनैना चौहान ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति सदस्य श्याम गुप्ता .आभार डा, कालुसिंह मंडलोई, मुकेश बिडारे, सेवानिवृत प्राध्यापक डॉमहेश गुप्ता ., प्रशासनिक अधिकारी डॉएसडी पाटीदार ., डॉ . एसआर डावर, डॉललित बर्गे ., डॉएस ठाकरे ., डॉएमएम केसरे ., महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, अन्य गणमान्य नागरिक एवं छात्रछात्राएँ उपस्थित रहे।-

प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
खरगोन

GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN

Digitally signed by GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN
Date: 2025.11.01 16:19:58 +05'30'





















प्राचार्य

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

खरगोन

E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in Phone no. +91-7282-241562


Collector Khargone

March 25 at 6:50 PM

स्नेह सम्मेलन के दूसरे दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

---

भारतीय ज्ञान परंपरा के महानायकों पर चित्रात्मक प्रदर्शनी का भी प्रदर्शन किया गया

---

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में तीन दिवसीय स्नेह सम्मेलन के द्वितीय दिवस 25 मार्च को उद्घाटन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल गायन, सामूहिक गायन, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य सहित विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया और शिक्षा में संतुलन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाभ एवं दुष्परिणाम, अच्छे मित्रों का महत्व तथा यात्राओं से मिलने वाला ज्ञान दुनिया की किसी किताब में नहीं मिल सकता है समझाया। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने इस पहल की सराहना करते हुए विशेष रूप से युवाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराने के लिए इस प्रदर्शनी को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री दीपक कानूनगो ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कृति का संगम व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शैल जोशी ने कार्यक्रम की गरिमामय शुरुआत करते हुए स्वागत भाषण दिया। इसके पश्चात उन्होंने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के साथ-साथ वर्ष भर की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं प्रतियोगिताएँ

---

स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. रविंद्र बर्वे ने बताया कि स्नेह सम्मेलन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने हर प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिताओं में विजेता ये रहे

---

एकल गायन में प्रथम स्थान पूजा भावसार, द्वितीय स्थान राहुल रायपुरिया तथा तृतीय स्थान अंजलि भालसे को प्राप्त हुआ। एकल गायन (विधि महाविद्यालय) में प्रथम स्थान पूनम जोशी, द्वितीय स्थान मोमिना शेख, समूह गायन प्रथम स्थान पूजा सोलंकी एवं समूह, एकल नृत्य में प्रथम स्थान पायल चौहान, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से स्नेहा डोंगरे एवं मोहिनी भालसे तथा तृतीय स्थान में संयुक रूप से मनस्वी वर्मा एवं गायत्री मेडा, एकल नृत्य (विधि महाविद्यालय) में प्रथम स्थान सुरभि सोनी, युगल नृत्य में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से गौतम भालसे एवं शिवानी यादव और द्वितीय स्थान पर संयुक रूप से मोहिनी भालसे एवं मनस्वी वर्मा, समूह नृत्य में प्रथम स्थान मिथुन जाधव एंड ग्रुप, द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से मनीष डावर एवं समूह और खुशी गोयल एवं समूह, तृतीय स्थान जायोशी यादव एवं समूह

PRO Jansampark Khargone

March 25 at 6:53 PM




प्राचार्य

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

खरगोन

**E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in** **Phone no. +91-7282-241562**

**खरगोन, दिनांक 26/03/2025**

## //प्रतिवेदन//

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में तीन दिवसीय स्नेह सम्मेलन का हुआ समापन

### मेधावी विद्यार्थियों को मिला गौरवशाली पुरस्कार, वितरित किए स्मृति चिन्ह, मेडल व प्रमाण पत्र

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में आयोजित तीन दिवसीय स्नेह सम्मेलन का 26 मार्च को बड़े धूमधाम से समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सत्र 2024-25 में किए गए शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा विविध प्रतियोगिताओं में संभाग राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अर्जित उपलब्धियां के लिए उन्हें प्रमाण पत्र और मेडल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉशैल जोशी ने समापन कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। .

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार और जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री दीपक कानूनगो थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ खूब पढ़ें, मातापिता के साथ साथ खरगोन-, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मेडिकल कॉलेज, सीएम राईज स्कूल आदि शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल हुई है और आने वाले समय में खरगोन शिक्षा के क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त होगा।

विद्यार्थियों की उपलब्धियां इस प्रकार रही

राष्ट्रीय स्तर पर मंताराम बडोले, महेश मुजाल्दे, अनिल डुडवे, लोकेश बर्डे, अक्षय भूरिया, ध्रुव चंदानी सहित कुल 32 राज्य एवं जोनल स्तर पर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाडियों को मेडल एवं ट्रैकसूट प्रदान किए गए। हर्ष राठौर राष्ट्रीय साहसिक शिविर पोंगडेम हिमाचल प्रदेश में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना बिहार के लिये हुआ। भूमिका साहू ने हेमचंद्राआर्य उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय पाटण का प्रतिनिधित्व किया। हर्षिता बदनवरे ने राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर अमरकंटक का प्रतिनिधित्व किया। रोहन सिलोटे ने राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर अमरकंटक का प्रतिनिधित्व किया। हिमांशु गुप्ता और जान्हवी यादव ने सत्र 2024-25 में राज्य स्तरीय शिविर में जिले का प्रतिनिधित्व जिला राजगढ़ पचौर में आयोजित 07 दिवसीय शिविर में भागिदारी की। सलोनी द्वारा राष्टीय एकता शिविर कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है।

एनसीसी कैडेट अंडर आफिसर महेश वास्कले, अमित नार्वे, विनायक कुमरावत ने आर्मी अटेचमेंट कैम्प ग्वालियर में सहभागिता की। शुभम रावत ने आर्मी अटेचमेंट कैम्प जबलपुर में सहभागिता की। आदित्य परदेशी ने रायपुर छत्तीसगढ़ कैम्प में प्रतिनिधित्व किया। युवा उत्सव के अंतर्गत आयोजित बौध्दिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायन, प्रश्न मंच, रंगोली, वाद विवाद, नृत्य इत्यादि प्रतियोगिताओं में 20 से अधिक विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मैडल से सम्मानित किया गया।

**E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in** **Phone no. +91-7282-241562**

इसके अतिरिक्त युवा संसाधन प्रकोष्ठ द्वारास्वामी विवेकानंद युवा संसाधन केंद्र अंतर्गत ब्यूटीशियन कोर्स, मोबाइल रिपेयरिंग कोर्स के बेसिक कंप्यूटर स्किल्स, स्टार्टअप मैनेजमेंट कोर्स, व्यक्तित्व विकास इत्यादि 15 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें 435 विद्यार्थी लाभान्वित हुए एवं 37 विद्यार्थियों का चयन रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों अंतर्गत हुआ।

समाजकार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा जिले में अनेक प्रकार की सामाजिक सेवाओं का कार्य किया गया। एम .डब्ल्यू.एस. द्वितीय वर्ष के छात्र श्री दुर्गेश बर्डे के द्वारा लगभग 45000 पौधे रोपे गए जिन्होंने पर्यावरण सुधारने के लिए एक अच्छा संदेश दिया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की सभी कक्षाओं में प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों, स्नेह सम्मेलन में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, मतदाता जागरूकता प्रकोष्ठ तथा महाविद्यालय के अन्य प्रकोष्ठों के अंतर्गत विद्यार्थियों वर्ष भर में किए गए विशिष्ट कार्य के लिए भी उन्हें सम्मानित किया गया। इस आयोजन से महाविद्यालय के छात्रों को नए उत्साह और प्रेरणा मिली और उन्होंने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, छात्रों और अन्य गणमान्य नागरिकों ने बढ़चढ़ कर - भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रंजीता पाटीदार, डॉ. ऐश्वर्या दिलावरे तथा अकबर अली द्वारा किया गया। आभार स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. रविंद्र बर्वे द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति सदस्य श्याम गुप्ता, कालुसिंह मंडलोई, मुकेश बिडारे, गजेंद्र भावसार, जगदीश पटेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ. मंजीत अरोरा व डॉ. महेश गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एसडी पाटीदार, महेंद्र पटेल, संतोष पाटीदार महाविद्यालय का समस्त स्टाफ अन्य गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
खरगोन















प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
खरगोन

**E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in** **Phone no. +91-7282-241562**


Collector Khargone

March 26 at 7:33 PM

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में तीन दिवसीय स्नेह सम्मेलन का हुआ समापन

______________

मेधावी विद्यार्थियों को मिला गौरवशाली पुरस्कार, वितरित किए स्मृति चिन्ह, मेडल व प्रमाण पत्र

______________

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में आयोजित तीन दिवसीय स्नेह सम्मेलन का 26 मार्च को बड़े धूमधाम से समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सत्र 2024-25 में किए गए शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा विविध प्रतियोगिताओं में संभाग राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अर्जित उपलब्धियां के लिए उन्हें प्रमाण पत्र और मेडल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शैल जोशी ने समापन कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार और जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री दीपक कानूनगो थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ खूब पढ़ें, माता-पिता के साथ साथ खरगोन, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मेडिकल कॉलेज, सीएम राईज स्कूल आदि शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल हुई है और आने वाले समय में खरगोन शिक्षा के क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त होगा।

विद्यार्थियों की उपलब्धियां इस प्रकार रही

______________

राष्ट्रीय स्तर पर मंताराम बडोले, महेश मुजाल्दे, अनिल डुडवे, लोकेश बर्डे, अक्षय भूरिया, ध्रुव चंदानी सहित कुल 32 राज्य एवं जोनल स्तर पर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाडियों को मेडल एवं ट्रैकसूट प्रदान किए गए। हर्ष राठौर राष्ट्रीय साहसिक शिविर पोंगडेम हिमाचल प्रदेश में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना बिहार के लिये हुआ। भूमिका साहू ने हेमचंद्राआर्य उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय पाटण का प्रतिनिधित्व किया। हर्षिता बदनवरे ने राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर अमरकंटक का प्रतिनिधित्व किया। रोहन सिलोटे ने राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर अमरकंटक का प्रतिनिधित्व किया। हिमांशु गुप्ता और जान्हवी यादव ने सत्र 2024-25 में राज्य स्तरीय शिविर में जिले का प्रतिनिधित्व जिला राजगढ़ पचौर में आयोजित 07 दिवसीय शिविर में भागिदारी की। सलोनी द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है।

नसीसी कैडेट अंडर आफिसर महेश वास्कले, अमित नार्वे, विनायक कुमरावत ने आर्मी अटेचमेंट कैम्प ग्वालियर में सहभागिता की। शुभम रावत ने आर्मी अटेचमेंट कैम्प जबलपुर में सहभागिता की। आदित्य परदेशी ने रायपुर छत्तीसगढ़ कैम्प में प्रतिनिधित्व किया। युवा उत्सव के अंतर्गत आयोजित बौध्दिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायन, प्रश्न मंच, रंगोली, वाद विवाद, नृत्य इत्यादि प्रतियोगिताओं में 20 से अधिक विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं

PRO Jansampark Khargone

March 26 at 7:42 PM




प्राचार्य

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

खरगोन

GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN


Digitally signed by GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN
DN: c=IN, postalCode=451001, st=MADHYA PRADESH, street=77 ,GAWSHINDE COLONY ,EAST NIMAR,451001, l=EAST NIMAR, o=Personal, serialNumber=2349424fd0a2c0c9270572f3d5083d4cbb9e32032514123eadaf9f8f4a8dcd1b, pseudonym=b81dc3b86dde4a4ab058694f5f578bf6, 2.5.4.20=b7b29ee6545baeae584bff707c148ca00de9feb7b409d58a80b6ef9514902c2c, email=MAILFORGS@REDIFFMAIL.COM, cn=GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN
Date: 2025.11.01 16:20:17 +05'30'